To Construct the Roads

***50 Sh. SUBHASH GANGOLI (Safidon):**

Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state:-

a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct the following roads:-

i) from canal bridge to old gas agency via road of Railway Station;

ii) from Ram Mehar Thakur's house to the front of HDFC bank on Mahatma Gandhi Road;

iii) Mahatma Gandhi Marg;

iv) both sides of Canal; and

b) if so, the time by which the abovesaid roads are likely to be constructed?

Dr. KAMAL GUPTA, URBAN LOCAL BODIES MINISTER

a) & b)

As per the Govt. Notification dated 25th July, 2023, the competency for the approval and execution of the works upto Rs. 2.5 crore vests with the Municipal Committee, Safidon. Municipal Committee, Safidon has informed that there is a proposal under their consideration to construct the roads as specified at Sr. No. i) & ii). The tentative cost to be incurred on the construction of road at sr. no. i) is Rs. 2.03 Crore and for road at sr. no. ii) is Rs. 2.11 Crore. But at present there is no proposal for the construction of road at sr. no. iii) with MC, Safidon. In regard to the works at sr. no. i) & ii) MC, Safidon has informed that the work will be executed as per the availability of funds.

There is a proposal to construct the road stated at sr. no. iv) and the tentative cost to be incurred on the construction of road is Rs. 5.8 Crore. Competency for the approval of the allotment of the work is with Govt. At present the case regarding the approval of tender rates for the work at sr. no. iv) is under process for approval. The work of construction of the road at Sr. No. iv) is likely to be completed by 30th June, 2024.

सड़कों का निर्माण करना

***50 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः—

(i) नहर पुल से पुरानी गैस एजेंसी वाया रेलवे स्टेशन की सड़क;

(ii) महात्मा गांधी सड़क पर एचडीएफसी बैंक के सामने से राम मेहर ठाकुर के घर तक की सड़क;

(iii) महात्मा गांधी मार्ग;

(iv) नहर के दोनों तरफ के रास्ते;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

डा0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) तथा (ख)

सरकार के अधिसूचना दिनांक 25 जुलाई 2023 अनुसार 2.5 करोड़ से कम लागत के कार्यो की स्वीकृति एवं कियान्वयन की शक्तियां नगरपालिका, सफीदों में निहित है। नगरपालिका, सफीदों ने सूचित किया है कि कम संख्या (i) और (ii) में वर्णित सड़कों के निर्माण करने का एक प्रस्ताव उनके विचाराधीन है। कम संख्या (i) में वर्णित सड़क के निर्माण पर आने वाली अंदाजन लागत रू. 2.03 करोड़ है, तथा कम संख्या (ii) पर वर्णित सड़क के निर्माण में आने वाली अंदाजन लागत रू. 2.11

करोड़ है। लेकिन फिलहाल नगरपालिका, सफीदों के पास क्रम संख्या (iii) पर वर्णित सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है। क्रम संख्या (i) और (ii) पर वर्णित कार्य के बारे नगरपालिका, सफीदों ने सूचित किया है कि धन की उपलब्धता अनुसार सड़क कार्य निष्पादित किया जाएगा।

क्रम संख्या (iv) पर वर्णित सड़क के निर्माण का एक प्रस्ताव है तथा सड़क के निर्माण पर वहन होने वाली अंदाजन लागत रू. 5.8 करोड़ है। कार्य के आवंटन की मंजूरी की शक्तियां सरकार के पास है। वर्तमान में क्रमांक (iv) पर वर्णित कार्य की निविदा दरों के अनुमोदन का प्रकरण अनुमोदन हेतू प्रक्रियाधीन है। क्रम संख्या (iv) पर वर्णित सड़क के निर्माण का 30 जून 2024 तक पूरा होने की संभावना है।